समाचार

# 136 अधिकारी कर्मचारियों को मिला समयमान वेतनमान

## (अधिकारी कर्मचारियों ने महापौर व आयुक्त के प्रति जताया आभार)




कोरबा 05 जुलाई 2019 –नगर पालिक निगम कोरबा के ऐसे 136 अधिकारी कर्मचारी जो पदोन्नति हेतु पात्रता रखते हैं, को समयमान–क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ दिया गया है, इन अधिकारी कर्मचारियों ने महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल, आयुक्त श्री एस.के.दुबे एवं छत्तीसगढ़ शासन के प्रति इसके लिए आभार व्यक्त किया है।

छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग रायपुर तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग रायपुर छत्तीसगढ़ के विविध आदेशों के अनुक्रम में आयुक्त श्री एस.के. दुबे ने आदेश जारी कर निगम के ऐसे 136 अधिकारी कर्मचारियों, जो पदोन्नति हेतु पात्रता रखते हैं, को समयमान या क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ देने की स्वीकृति प्रदान की है। जारी आदेश के अनुसार वर्ग '' ब '' के 02 ऐसे अधिकारी जिनकी सेवा अवधि 08 वर्ष हो गई है, उन्हे प्रथम उच्चतर समयमान वेतनमान प्रदान किया गया है, वहीं वर्ग '' स '' के ऐसे कर्मचारी जिनकी सेवा अवधि 10, 20 वर्ष पूर्ण हो गई है, को प्रथम या द्वितीय उच्चतर समयमान वेतनमान दिया गया है। इसी प्रकार वर्ग '' द '' के 01 कर्मचारी जिनकी सेवा अवधि 20 वर्ष पूर्ण हो गई है, को द्वितीय उच्चतर समयमान वेतनमान का लाभ दिया गया है। जारी आदेश में वर्ग '' स '' के 94 ऐसे कर्मचारी जिनकी सेवा अवधि 10 वर्ष पूरी हो चुकी है, को प्रथम उच्चतर समयमान वेतनमान का लाभ मिला है, वर्ग '' द '' के ऐसे 28 कर्मचारी जिनकी सेवा अवधि 10 वर्ष पूरी हो गई है, को प्रथम उच्चतर समयमान वेतनमान स्वीकृत किया गया है। इसी प्रकार 05 ऐसे उप अभियंता जिनकी सेवा अवधि 10, 20 वर्ष पूर्ण हो गई है, को प्रथम या द्वितीय उच्चतर क्रमोन्नति वेतनमान का लाभ दिया गया है, वहीं वर्ग '' ब '' के 02 अभियंता जिनकी सेवा अवधि 08, 16 वर्ष पूर्ण गई है, को प्रथम, द्वितीय उच्चतर समयमान वेतनमान प्रदान किया गया है। इस प्रकार निगम के कुल 136 अधिकारी कर्मचारियों को समयमान व क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ प्राप्त हुआ है। समयमान वेतनमान व क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ प्राप्त करने वाले अधिकारी कर्मचारियों ने इसके लिए महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल, आयुक्त श्री एस.के. दुबे तथा छत्तीसगढ़ शान के प्रति आभार व्यक्त किया है।

बढ़ेगा अधिकारी कर्मचारियों का मनोबल– निगम के 136 अधिकारी कर्मचारियों को समयमान व क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ दिए जाने संबंधी जारी आदेश पर छत्तीसगढ़ स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ के महामंत्री श्री अरूण मिश्रा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि इस आदेश से निगम के अधिकारी कर्मचारियों को उनका जायज हक समय पर प्राप्त हुआ है, जिसके लिए छत्तीसगढ़ स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल, आयुक्त श्री एस.के. दुबे एवं छत्तीसगढ़ शासन के प्रति आभार व्यक्त करता है। उन्होने कहा है कि अधिकारी कर्मचारियों का समय पर उनका हक

मिलने से उनका मनोबल बढ़ेगा तथा वे पूरी निष्ठा के साथ और अधिक उत्साह से अपने–अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित होंगे।

**<u>इतनी बड़ी संख्या में पहली बार मिला लाभ</u>**– छत्तीसगढ़ स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ नगर पालिक निगम कोरबा के कार्यकारी अध्यक्ष श्री आनंद दुबे ने आदेश पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि निगम की इतिहास में यह पहला अवसर है, जब इतनी बड़ी संख्या में एक साथ अधिकारी कर्मचारियों को उनका जायज हक मिला है तथा वे लाभान्वित हुए हैं। उन्होने कहा है कि इससे कर्मचारियों में कार्य के प्रति और अधिक निष्ठा बढ़ेगी तथा वे ज्यादा उत्साह के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। निगम प्रशासन का यह स्वागतेय कदम है, जिसके लिए मैं महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं आयुक्त श्री एस.के.दुबे के प्रति संघ की ओर से आभार व्यक्त करता हूँ।